प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

पीएम –संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इसके गठबंधन सहयोगियों ने महिला आरक्षण का विरोध करके जो पाप किया है, उसका दंड उन्हें अवश्य ही मिलेगा। विपक्ष ने संसद और राज्य विधानसभाओं में नारी शक्ति वंदन संशोधन का विरोध किया और उसे पास नहीं होने दिया। कल शाम राष्ट्र के नाम अपने संबोधन ने प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करेगी। जो दल महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, वे देश की महिलाओं की संसद और राज्य विधानसभाओं में बढ़ती भागीदारी को रोक नहीं पाएंगे, क्योंकि देश की समस्त नारी शक्ति का आशीर्वाद उनकी सरकार के साथ है।

संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन का जिन दलों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो–टूक कहूंगा ये लोग नारी शक्ति को फोर–ग्रांटेड ले रहे हैं। इसलिए महिला आरक्षण विरोध करके जो पाप विपक्ष ने किया है इसकी उन्हेंद सजा जरूरी मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया और कहा कि सरकार के निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, जिसके लिए वह सभी माताओं और बहनों से क्षमा मांगते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंशवादी दलों का डर ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध का मुख्य कारण है। उन्होंने इस व्यवहार को महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान पर आघात बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग है और यह उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सहित सभी क्षेत्रों में संतुलित सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का एक प्रयास था।

सदन में नारी शक्ति वंदन संशोधन किसी से भी कुछ छीनने का नहीं था। नारी शक्ति वंदन संशोधन हर किसी को कुछ न कुछ देने का था। ये चालीस साल से लटके हुए नारी के हक को 2029 के अगले लोकसभा चुनाव से उसका हक देने का संशोधन था। नारी शक्ति वंदन संशोधन 21वीं सदी के भारत की नारी को नये अवसर देने, नई उड़ान देने उसके सामने से बाधाएं हटाने का महायज्ञन था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का विरोध करके कांग्रेस ने खुद को सुधार–विरोधी दल साबित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से हर सुधार पर निष्क्रिय रुख अपनाती रही है और उनकी कार्य संस्कृति में विलंब करना, ध्यान भटकाना और बाधा डालना शामिल है।

विधेयक–मंजूर

प्रदेश में पेट्रोल और डीजल पर अधिकतम पांच रुपये तक सेस लगाने के विधेयक को लोकभवन से मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में विधि विभााग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

इसके माध्यम से जुटाई जाने वाली धनराशि अनाथ और विधवा कल्याण निधि में जमा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मार्च महीने में विधानसभा सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर संशोधन अधिनियम –2026 को पारित किया गया था। इसमें जरूरतमंद वर्गों विशेषकर विधवाओं विशेषकर अनाथ बच्चों के लिए प्रावधान किए गए हैं।

मांग

लाहौल–स्पीति जिला की ग्राम पंचायत रनिका के किरतिंग गांव में खेतीबाड़ी पिछले तीन वर्षों से गंभीर संकट का सामना कर रही है। नाले में आई बाढ़ और बार–बार हो रहे भूस्खलन के कारण करीब 500 मीटर लंबा कूहल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण खेतों तक पानी पहुंचना ही बंद हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कूहल की शीघ्र मरम्मत कर इसके स्थायी समाधान की मांग की है ताकि किसानों को राहत मिल सके। अधिक व्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पिति जिला संवाददाता..........

जिला लाहौल–स्पीति की ग्राम पंचायत रनिका के किरतिंग गांव में खेतीबाड़ी पिछले तीन वर्षों से गंभीर संकट का सामना कर रही है। गांव के किसानों को सिंचाई के पानी के लिए हर साल संघर्ष करना पड़ रहा है। नाले में आई बाढ़ और बार–बार हो रहे भूस्खलन के कारण करीब 500 मीटर लंबा कुहल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण खेतों तक पानी पहुंचना ही बंद हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले तीन सालों से सरकार और प्रशासन से लगातार इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक न तो मरम्मत के लिए पर्याप्त बजट मिला है और न ही कोई स्थायी समाधान किया गया है। आकाशवाणी के लिए मैं सुरेंद्र कुमार––––––

विश्व धरोहर दिवस

लाहौल–स्पीति के उदयपुर में स्थित ऐतिहासिक मृकुला देवी मंदिर में विश्व धरोहर दिवस कल पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण शिमला मंडल के द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में उदयपुर के विभिन्न स्कूलों के करीब 60 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रों को धरोहरों के महत्व, मंदिर की प्रसिद्ध काष्ठ नक्काशी और उसकी ऐतिहासिक विशेषताओं से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया।